an>

Title: Regarding crop damage caused due to heavy hailstorm in Churu Parliamentary Constituency.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेतृ चूरू की समस्त तहसीलों नोहर, भादरा, सुजानगढ, सरदारशहर, रतनगढ, तारानगर व चूरू में ओला वृष्टि से हुए भारी नुकसान की तरफ आकृष्ट करना चाहूंगा। मेरे संसदीय क्षेतृ की जनता 80 पृतिशत कृषि पर आधारित है। उस 80 पृतिशत की जनसंख्या में से 87 पृतिशत लोग सिर्फ वर्षा पर निर्भर करते हैं। ऐसी स्थिति में मॉनसून वर्षा पर जब इस तरह की परिस्थिति आ जाती है, जहां ओलावृष्टि होती है तो किसानों पर उसका बहुत भारी असर पड़ता है। महोदय, मेरा संसदीय क्षेतृ मरूस्थलीय क्षेतृ है। कृषि के अलावा अन्य रोजगार का कोई साधन नहीं है। मेरा आपसे यही कहना है कि जो ओलावृष्टि और अतिवृष्टि पिछले हफ्ते हुई है, जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ, किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच गया। मैं आपसे यही अनुरोध करना चाहता हूँ कि केंद्र सरकार से टीम भेज कर हर तहसील में उसका मापदण्ड देखें, सर्वे करे और सही मायने में किसानों को उनका मुआवजा दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri P.P. Chaudhary and

Dr. Manoj Rajoria are permitted to associate with the issue raised by Shri Rahul Kaswan.